# कार्यपत्र-6

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | संज्ञा के कितने भेद होते हैं? | (ii) तीन | ✓ |
| (ख) | क्रिया से बनने वाली भाववाचक संज्ञा है– | (ii) कटाई | ✓ |
| (ग) | जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है– | (i) राष्ट्र | ✓ |
| (घ) | 'सेना' किस संज्ञा का उदाहरण है? | (ii) समूहवाचक | ✓ |
| (ङ) | विशेषण से बनने वाली भाववाचक संज्ञा है– | (i) सरलता | ✓ |

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे– रवि, पुस्तक, पटना, सुंदरता आदि।

(ख) 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा – महात्मा गांधी, ताजमहल

2. जातिवाचक संज्ञा – गाय, घर

3. भाववाचक – मित्रता, बुढ़ापा

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा द्वारा किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध होता है। तथा जातिवाचक संज्ञा द्वारा किसी व्यक्ति, वस्तु आदि की पूरी जाति का बोध होता है।

(घ) जिन शब्दों से किसी व्यक्ति, वस्तु का गुण-दोष, स्थिति, अवस्था, दशा या भाव का बोध हो, वे भाववाचक संज्ञा होती हैं। जैसे– बुढ़ापा, सुंदरता, खुशी आदि।

(ङ) जिन संज्ञा शब्दों से किसी प्राणी या वस्तु के समूह या समुदाय का बोध होता है, उन्हें समूहवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– भीड़, परिवार, सेना आदि।

जिन संज्ञा शब्दों से किसी द्रव्य, धातु या पदार्थ का बोध होता है, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– सोना, घी, तेल आदि।

**3. दिए गए वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके उनका भेद भी लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | राजीव पढ़ रहा है। | व्यक्तिवाचक |
| (ख) | माया वृद्धों की सेवा करती है। | व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक |
| (ग) | हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए। | भाववाचक |
| (घ) | दादा जी को बुढ़ापा आ गया है। | जातिवाचक, भाववाचक |
| (ङ) | गंगा पवित्र नदी मानी जाती है। | व्यक्तिवाचक, भाववाचक |

**4. दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सुंदर | सुंदरता | (ख) | बूढ़ा | बुढ़ापा |
| (ग) | पढ़ना | पढ़ाई | (घ) | ऊँचा | ऊँचाई |
| (ङ) | गरम | गरमाहट | (च) | हरा | हरियाली |
| (छ) | कायर | कायरता | (ज) | व्यक्ति | व्यक्तित्व |
| (झ) | बहना | बहाव | (ञ) | शाबाश | शाबाशी |